वा. की अतिरिक्त विद्युत उत्पादन क्षमता की आवश्यकता का आकलन किया है। दूसरे ब्यौरों को अंतिम रूप दिया जाएगा और नौवीं योजना प्रस्तावों के समेकन के साथ उन्हें उपलब्ध कराया जाएगा।

**कच्छ और बनासकांठा का औद्योगिक विकास**

2609. **श्री चिमनभाई हरीभाई शुक्ला :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आठवीं योजनावधि के प्रारम्भ में गुजरात के कच्छ और बनासकांठा जिलों में कुल कितने व्यक्ति बेरोजगार थे;

(ख) इन जिलों में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कौन-कौन से क्षेत्र उपलब्ध थे;

(ग) इनमें सरकारी और निजी क्षेत्र का अनुपात कितना-कितना है;

(घ) क्या ये जिले आठवीं योजनावधि के प्रारम्भ में राष्ट्रीय औद्योगिक विकास दर से बहुत पीछे चल रहे थे; और

(ङ) सरकार द्वारा कच्छ और बनासकांठा जिलों को राष्ट्रीय औद्योगिक मुख्य धारा में शामिल करने हेतु क्या प्रयास किए गए हैं?

**योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रत्नमाला देहरेश्वर सवनूर) :** (क) से (घ) रोजगार एवं बेरोजगारी तथा औद्योगिक वृद्धि के बारे में जिलेवार सूचना उपलब्ध नहीं है।

(ङ) राज्य के विभिन्न क्षेत्रों का विकास करना राज्य सरकार का उत्तरदायित्व है। राष्ट्र की औद्योगिक मुख्य धारा में पिछड़े इलाकों को विकसित करने माने की दृष्टि से केन्द्र सरकार ने इन क्षेत्रों के त्वरित औद्योगिकरण को बढ़ावा देने के लिए 1988 में विकास केन्द्र स्कीम की घोषणा की थी। गुजरात के लिए तीन विकास केन्द्रों अर्थात कच्छ जिले में गांधी धाम, बनासकांठा जिले में पालमपुर और भड़ौच जिले में वागरा का अनुमोदन किया था, इसके लिए 31 मार्च, 1997 तक केन्द्र सरकार द्वारा क्रमश: 100 लाख रुपये, 100 लाख रुपये और 1000 लाख रुपये की धन राशि जारी कर दी गई है।

गुजरात सहित देश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में केन्द्र सरकार अनेक विशेष रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों को कार्यान्वित कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जो बड़े गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम रोजगार प्रदान करते हैं, वह हैं—एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम, जवाहर रोजगार योजना एवं रोजगार आश्वासन स्कीम। शहरी क्षेत्रों में दो गरीबी उन्मूलन स्कीमें चल रही हैं अर्थात नेहरू रोजगार योजना और प्रधान मंत्री का एकीकृत शहरी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम। यह कार्यक्रम भी रोजगार प्रदान करते हैं। प्रधान मंत्री की रोजगार योजना का कार्यान्वयन केन्द्रीय योजना स्कीम के रूप में ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए किया जा रहा है।

**Release of funds for development works in the North-East**

2610. SHRI KARNENDU BHATTACHARJEE: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government aware that a sum of Rs. 6100 was announced by the Prime Minister for development works in North-East;

(b) if so, how much funds so far been released and what progress in this regard; and

(c) if not what do Government propose to do in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRIMATI RATNAMALA DEHARESHWAR SAVANOOR): The then Prime Minister issued